an>

Title: Need to establish a bench of Rajasthan High Court at Udaipur.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र उदयपुर (राजस्थान) की ओर दिलाना चाहता हूं। उदयपुर संभाग जनजातीय क्षेत्र है। यहाँ राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच खोलने की सख्त आवश्यकता है। राजस्थान उच्च न्यायालय की वर्तमान में दो बेंच एक जयपुर और दूसरी जोधपुर में कार्यरत है। उदयपुर संभाग और उसके आस-पास स्थित जिला बांसबाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरगढ़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, राजसमन्द के निवासियों के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर बेंच लगभग 250 किलोमीटर से 300 किलोमीटर तक पड़ती है और उदयपुर से जोधपुर जाने के लिए न ही कोई सीधी रेल सेवा है, गरीब आदिवासियों, आम नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों को अपने न्याय के लिए जोधपुर बेंच तक जाने में समय और धन अत्यधिक खर्च करना पड़ता है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि उदयपुर संभाग मुख्यालय पर राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच अतिशीघ्र खोली जाए जिससे संभाग के आम लोगों एवं गरीब आदिवासियों को त्वरित न्याय कम खर्च पर मिल सके।